द्वारा फैक्स/ईमेल

# पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश

पुलिस मुख्यालय(सिग्नेचर बिल्डिंग), प्रथम/द्वितीय तल, (टावर–1), शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ 226002

**पत्र संख्या प्रनि–प–70/2025** 2161 **दिनांक जुलाई** 30 **,2025**

**सेवा में,**

1. पुलिस महानिदेशक
सीबीसीआईडी/अभिसूचना/भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड/विशेष जॉच/विशेष अनुसंधान दल / मानवाधिकार आयोग/सतर्कता अधिष्ठान/रूल्स एण्ड मैनुअल फायर सर्विस, उ0प्र0 ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक,
/अभियोजन /साइबर क्राइम/अपराध/रेलवे, ईओडब्लू/ पीएसी /महिला एवं बाल सुरक्षा /ए0सी0ओ0/सुरक्षा/यूपी–112/यातायात एवं सडक सुरक्षा/ एसटीएफ /तकनीकी सेवायें/ लाजिस्टिक्स/एटीएस/यूपी एसएसएफ लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, समस्त जोन, उ0प्र0।
4. संस्था प्रमुख, समस्त पुलिस प्रशिक्षण संस्थान उ0प्र0 ।
5. पुलिस आयुक्त, लखनऊ नगर/गौतमबुद्धनगर/वाराणसी नगर/कानपुर नगर /गाजियाबाद /आगरा/प्रयागराज।

महोदय,

**विषयः–** पुलिस की विभिन्न इकाइयों एवं वर्तमान चुनौतियों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण कोर्स तैयार किये जाने हेतु आंकलन प्राप्त किये जाने विषयक।

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ में पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, की अध्यक्षता मे इन सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक उपयोगी एवं इकाई की आवश्यकता के अनुसार कार्यक्रम तैयार कराये जाने पर चर्चा की गयी है ।

2. उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग के विभिन्न इकाइयों मे अलग–अलग विषयों पर प्रशिक्षण कोर्स व कार्यशाला की आवश्यकता होगी जिसके अनुरूप प्रशिक्षण कोर्स विकसित किये जायेगें । प्रशिक्षण कार्यक्रम किस विषय पर आयोजित होना चाहिये का आंकलन संस्थान/कमिश्नरेट/जोन/परिक्षेत्र/जनपद/इकाई स्तर से होने पर ही प्रशिक्षण की उपयोगिता प्रतीत होगी। प्रशिक्षण के विषय एवं उनके (सब टापिक) आवश्यकता का आंकलन के उपरान्त आपके माध्यम से होकर विषय सूची इस निदेशालय को उपलब्ध कराना समीचीन होगा ।

3. अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि कृपया संस्थान/कमिश्नरेट/जोन/परिक्षेत्र/जनपद/इकाई मे नियुक्त कार्मिकों की आवश्यकता के अनुरूप उपयोगी विषय चिन्हित कर विषय सूची इस निदेशालय को **दिनांक 04.08.2025** तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें । ताकि भविष्य उक्त प्रकार के कार्यक्रम इन सर्विस कार्मिकों को कराये जाने पर विचार किया जा सके ।

भवदीय,

30/07/25

( चन्द्र प्रकाश )
पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण
उ0प्र0 लखनऊ।